**विज्ञापन संख्या: 02/वाईपी-II/एनसीडी/2025-26** **दिनांक: 21.08.2025**

**रिक्ति अधिसूचना**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद अपने एनसीडी प्रभाग के अंतर्गत कार्य प्रबंधन हेतु पूर्णतः संविदा आधार पर एक युवा पेशेवर-II को नियुक्त करने का प्रयोजन रखता है।

अनिवार्य अहर्कताएं और अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **पद का नाम:** | युवा पेशेवर-II (तकनीकी/वैज्ञानिक) |
| | **रिक्तियों की संख्या:** | 01(एक) (अनारक्षित) |
| | **अनिवार्य अहर्कताएं एवं अनुभव:** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/कॉलेज से कम से कम 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातकोत्तर। उम्मीदवार के पास संबंधित क्षेत्र में योग्यता के बाद का कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। |
| | **कार्य की आवश्यकता :** | • प्रभाग से संबंधित अनुसंधान और कार्यक्रम गतिविधियों के समन्वय और कार्यान्वयन में सहायता करना।<br>• परियोजना प्रबंधन और कार्यान्वयन के लिए कार्यालय प्रशासन और अन्य कार्यालय संबंधी कार्यों में सहायता करना।<br>• अनुसंधान कार्य,परियोजना संबंधी प्रश्नों और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए परियोजना निधि, स्वीकृति और जारी राशि का प्रबंधन करना।<br>• वर्चुअल बैठक प्लेटफ़ॉर्मस,लेखा-परीक्षा,कार्यालय प्रशासन और लेखा/वित्त एवं लेखा(एफ एंड ए)और कंप्यूटर दक्षता (एमएसवर्ड/एक्सेल/पावरपॉइंट आदि) का ज्ञान एक अतिरिक्त लाभ होगा। |
| | **समेकित वेतन:** | ₹42,000/-रुपये (समेकित) |
| | **आयु सीमा:** | 40 वर्ष |
| | **कार्यकाल:** | एक वर्ष (आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया जा सकता है) |
| | **कार्य का स्थान:** | परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली |

**आवेदन कैसे करेः** इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में अपना आवेदन, अपनी योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्र के साथ दिनांक 10.09.2025 तक **secretariat.ncahticmr@gmail.com** पर भेज सकते हैं। विलंबित/अपूर्ण/अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना किसी कारण, सूचना या पत्राचार के तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन समय पर प्रस्तुत करें।

**सामान्य नियम एवं शर्तें:**

1. पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
2. ये पद अस्थायी परियोजनाओं के लिए हैं और परियोजना की समाप्ति के साथ ही समाप्त हो जाएंगे।
3. उपर्युक्त विज्ञापित पदों की नियुक्ति धन की उपलब्धता, कार्यात्मकआवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगी। इसलिए, आईसीएमआर सभी विज्ञापित पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध नहीं है और यह प्रक्रिया किसी भी समय वापस ली जा सकती है/रद्द/संशोधित की जा सकती है।
4. आयु सीमा की अंतिम तारीख आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार होगी।
5. आयु में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
6. योग्यता एवं अनुभव प्रासंगिक विषय/क्षेत्र में तथा किसी प्रतिष्ठित संस्थान से प्राप्त होना चाहिए। अनुभव न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद प्राप्त किया गया होना चाहिए।
7. केवल आवश्यक योग्यता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
8. किसी भी सरकारी विभाग/संगठन के अंतर्गत पहले से ही नियमित समय वेतनमान सेवा में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
9. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा और अभ्यर्थियों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
10. आईसीएमआर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
11. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।
12. नियुक्त व्यक्तियों की तैनाती सामान्यतः आईसीएमआर मुख्यालय में होगी; हालाँकि, उन्हें किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है। उन्हें देश के किसी भी भाग में सेवा देनी होगी।
13. उपर्युक्त पदों पर कार्यरत व्यक्तियों का आईसीएमआर या इसके किसी भी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार के किसी भी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और आईसीएमआर में किसी एक या एक से अधिक परियोजनाओं/सेवा में अवकाश सहित या बिना अवकाश के उनका कार्यकाल उन्हें आईसीएमआर में किसी अन्य परियोजना में आगे कार्यभार सौंपने या स्थानांतरण या नियुक्ति/आमेलन/सेवा के नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं देगा। उपर्युक्त पदों पर भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और

आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों को लागू अन्य सुविधाओं के लाभ स्वीकार्य नहीं हैं।

14. सफल उम्मीदवारों को सामान्यतः आवश्यकताओं के आधार पर, प्रारंभिक रूप से एक वर्ष की अवधि के लिए उपरोक्त पदों पर नियुक्त किया जाएगा। नियुक्ति की निरंतरता/विस्तार कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन, धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगा।
15. आईसीएमआर बिना कोई कारण बताए सहमत अनुबंध अवधि या विस्तारित अनुबंध अवधि के दौरान भी पदों को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
16. इन पदों के लिए अवकाश आईसीएमआर नीति के अनुसार होगा।
17. अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, अपनी हाल की पासपोर्ट आकार की रंगीन तस्वीर, विस्तृत बायोडाटा/सी.वी. और सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ जमा करना होगा;स्व-सत्यापित; अपनी शैक्षिक योग्यता [दसवीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण पत्र और अंकतालिकाएँ] कार्य अनुभव, आयु, जाति और फोटो पहचान पत्र [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के प्रमाण के रूप में, आवेदन जमा करने की निर्धारित तिथि और समय के भीतर जमा करना होगा, अन्यथा उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलंबित/अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदनों पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
18. आईसीएमआर अपने विवेकानुसार किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
19. सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
20. किसी भी रूप में प्रचार करना अयोग्यता होगी।
21. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अन्य जानकारी; यदि कोई हो; केवल आईसीएमआर की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अतः, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित अन्य अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट: https://www.icmr.nic.in देखें।

-एसडी-

(दिनेश सोनी)
वरि. प्रशासन अधिकारी